an>

Title: h Need to include 12 key cancer drugs recommended by Tata Memorial Centre in the list of essential medicines.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : महोदय, टाटा मेमोरियल सेन्टर ने कैंसर की बारह दवाओं को राष्ट्रीय मौलिक दवाओं की सूची में शामिल किये जाने हेतु सरकार को लिखित में सुझाव दिया है। यह एक बहुत ही सकारात्मक सुझाव है। यदि इन दवाओं को राष्ट्रीय मौलिक दवाओं की सूची में शामिल किया जाता है तो कैंसर पीड़ित लोगों को बहुत ही राहत मिलेगी। दवाओं की कीमत भी इतनी कम हो सकेगी कि गरीब कैंसर पीड़ित लोगों और अन्य सभी कैंसर पीड़ितों की पहुंच इस दवा तक आसान बन सकेगी।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि टाटा मेमोरियल सेन्टर के सुझाव को मानते हुए इन बारह दवाओं को राष्ट्रीय मौलिक दवाओं की सूची में शामिल किया जाए ताकि कैंसर से पीड़ित लोग इसका लाभ उठा सकें।